छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

शंकर नगर रोड, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 0771–2439562, फैक्सः 0771–2446556, वेबसाईट www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 2392/08/परीक्षा/2020 रायपुर, दिनांक 01/10/2020

//विज्ञप्ति//

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा की लिखित परीक्षा दिनांक 18/10/2020 से दिनांक 21/10/2020 तक राज्य के 05 संभाग मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित की गई है। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टरों को आहूत कर परीक्षा आयोजन के संबंध में बैठक निर्धारित की गई थी। उक्त बैठक की कार्यवाही विवरण समस्त कलेक्टरों को प्रेषित कर तत्संबंध में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया है। आयोग द्वारा पूर्व वर्षो की परीक्षाओं में राज्य सेवा परीक्षा में लगभग 08 से 09 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर परीक्षा आयोजन किया जाता था परंतु वर्तमान परिदृश्य में कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2019 हेतु परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाकर 27 की गई है। पूर्व वर्षो में जहां एक परीक्षा केन्द्रों पर बैठक क्षमता 500 निर्धारित की जाती थी, इस वर्ष 500 बैठक क्षमता वाले परीक्षा केन्द्रों में बैठक क्षमता को सीमित कर 100 से 150 की गई है। वर्तमान में 27 परीक्षा केन्द्रों में से 100 बैठक क्षमता वाले 10 तथा 100 से अधिक क्षमता वाले 17 परीक्षा केन्द्र है। पिछले वर्षों में एक कक्ष की बैठक क्षमता 24 अभ्यर्थी निर्धारित थी, उसे लगभग 12 से 15 तक सीमित किया गया है, ताकि कक्ष में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा सके। उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए मास्क/फेश कवर, हैण्ड सेनेटाइजर एवं परीक्षा कक्ष के बाहर सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने के संबंध में भी निर्देश दिये गये है। अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश देने हेतु दो प्रवेश द्वार रखे जाने की भी व्यवस्था की गई है जिससे समस्त अभ्यर्थियों का निर्धारित समयावधि में थर्मल स्कैनिंग कराया जा सके। परीक्षा केन्द्रों में थर्मल स्कैनिंग के दौरान जिन अभ्यर्थियों का तापमान कोविड–19 के प्रोटोकॉल के अनुसार अधिकतम हो तो उस अभ्यर्थी के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अलग से कमरे की व्यवस्था किया जाकर संबंधित अभ्यर्थी तथा परीक्षा कार्य में लगे वीक्षक हेतु कोविड–19 के प्रोटोकॉल के गॉइडलाइन का पालन किया जावेगा।

1.x.2020

सचिव

छ.ग. लोक सेवा आयोग

रायपुर